दैनिक जागरण जनपद बरेली दिनॉक 22.10.2024

# बलिदानी पुलिसकर्मियों को दी श्रद्धांजलि

जागरण संवाददाता, बरेली : सोमवार को पुलिस लाइंस में पुलिस स्मृति दिवस का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में एडीजी अमित शर्मा आइजी डा. राकेश सिंह एवं एसएसपी अनुराग आर्य ने बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों ने बताया कि 21 अक्टूबर 1959 को लद्दाख के हाट-स्प्रिंग के पास केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की एक टुकड़ी भारत-तिब्बत सीमा पर नियमित गश्त के लिए निकली थी। उसी दौरान पहले से ही घात लगाकर बैठे चीनी सैनिकों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। सीआरपीएफ के जवानों ने भी हमले का मुंहतोड़ जवाब दिया, लेकिन अचानक हुए हमले में सीआरपीएफ के 10 जवान बलिदान हो गए। सात



पुलिस स्मृति दिवस में बोलते एडीजी रमित शर्मा • सौजन्य से पुलिस

अन्य जवान घायल हो गए, उसी दिन से उन 10 वीर सीआरपीएफ जवानों की शहादत को याद करते हुए पूरे भारत में पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाता है। कार्यक्रम में एसपी सिटी मानुष पारीक, एसपी नार्थ मुकेश मिश्रा, समेत सभी पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

हिन्दुस्तान जनपद बरेली दिनॉक 22.10.2024

# पुलिस स्मृति दिवस पर जवानों की शहादत को किया नमन

## श्रद्धांजलि

बरेली, वरिष्ठ संवाददाता। पुलिस स्मृति दिवस पर पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में एडीजी रमित शर्मा, आईजी डॉ.राकेश सिंह और एसएसपी अनुराग आर्य समेत अन्य अफसरों ने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए वीरगति प्राप्त करने वाले पुलिसकर्मियों को पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर पुलिस लाइन में परेड का भी आयोजन किया गया। एडीजी, आईजी, एसएसपी और सभी राजपत्रित अधिकारियों व अन्य पुलिसकर्मियों ने शहीद पुलिसकर्मियों को याद कर उन्हें पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। एडीजी रमित शर्मा ने मुख्यमंत्री और डीजीपी के संदेश से सभी पुलिसकर्मियों को अवगत कराते हुए विगत एक वर्ष में कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए शहीद पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों की शौर्य गाथा बताई।

## पुलिस स्मृति दिवस

स्मृति दिवस पर एडीजी ने बताया कि 21 अक्टूबर 1959 को लद्दाख के हॉट-स्प्रिंग के पास सीआरपीएफ (केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल) की एक टुकड़ी भारत-तिब्बत सीमा पर गश्त कर रही थी तो चीनी सैनिकों ने उन पर फायरिंग कर दी। इस हमले में सीआरपीएफ के दस जवान शहीद हो गए व सात घायल हुए। उसी दिन से इन जवानों की शहादत को याद करते हुए हर वर्ष 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है।

## अमर उजाला जनपद बरेली दिनॉक 22.10.2024

### पुलिस स्मृति दिवस पर दी शहीदों को श्रद्धांजलि

**बरेली।** पुलिस स्मृति दिवस पर पुलिस लाइन परिसर में शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। एडीजी, एसएसपी सहित अन्य अधिकारियों ने शहीदों को नमन किया। पुलिसकर्मियों से अपने कर्तव्यों का ठीक से निर्वहन करने का संदेश दिया। एडीजी जोन रमित शर्मा, आईजी रेंज डॉ. राकेश सिंह व एसएसपी अनुराग आर्य ने पुलिस लाइन स्थित शहीद स्मारक स्थल पर पुष्प अर्पित किए। पुलिसकर्मियों के बलिदान को याद करते हुए कहा कि आज उनके परिजनों को सम्मानित करने का दिन है। वहां विभिन्न सांस्कृतिक और सम्मान कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शहीद पुलिसकर्मियों के आश्रितों को सम्मानित भी किया गया। ब्यूरो

## अमृत विचार जनपद बरेली दिनॉक 22.10.2024

### शहीद पुलिसकर्मियों को पुष्प चक्र अर्पित कर दी श्रद्धांजलि



**बरेली, अमृत विचार :** पुलिस स्मृति दिवस के मौके पर पुलिस लाइन में शहीद पुलिसकर्मियों को अपर पुलिस महानिदेशक, पुलिस महानिरीक्षक डॉ. राकेश सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। पुलिस लाइन में सुबह शहीद पुलिसकर्मियों की स्मृति में परेड निकाली गई। इस अवसर पर एडीजी ने मुख्यमंत्री और डीजीपी के संदेश से सभी पुलिसकर्मियों को अवगत कराते हुए पिछले एक वर्ष में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए शहीद हुए पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को याद करते हुए उनकी शौर्य गाथा बताई।


युवा हस्ताक्षर जनपद बरेली दिनॉक 22.10.2024

# एडीजी, आईजी व एसएसपी ने दी शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि

## 21 अक्टूबर को मनाया जाता है स्मृति दिवस

युवा हस्ताक्षर रिपोर्टर

**बरेली।** सोमवार को बरेली रिजर्व पुलिस लाइन में पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर भावपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें देश की रक्षा और सेवा के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले साहसी पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।पुलिस स्मृति दिवस हर साल 21 अक्टूबर को उन वीर जवानों की याद में मनाया जाता है, जिन्होंने 1959 में लद्दाख के हॉट स्प्रिंग्स इलाके में चीनी सैनिकों के हमले के दौरान अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे। इस संघर्ष में 10 सीआरपीएफ जवानों की शहादत ने पुलिस बल की वीरता और त्याग की मिसाल कायम की, और उनकी स्मृति में हर साल इस दिन को पुलिस स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है। बरेली में आयोजित इस समारोह में शहीद पुलिसकर्मियों के परिजनों को सम्मानित किया गया और उनके बलिदान को नमन किया गया। इस अवसर पर पुलिसकर्मियों के साहस और निडरता की सराहना करते हुए उनके अमूल्य योगदान को याद किया गया।इस विशेष आयोजन में बरेली ज़ोन के अपर पुलिस महानिदेशक रमित शर्मा, पुलिस महानिरीक्षक डॉ. राकेश सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य, एसपी सिटी मानुष पारीक, एसपी देहात मुकेश चंद्र मिश्र, एसपी क्राइम मुकेश कुमार सहित कई पुलिस अधिकारी और पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।





## I-Next जनपद बरेली दिनॉक 22.10.2024

# बलिदान होने वाले पुलिसकर्मियों को स्मृति दिवस पर दी श्रद्धांजलि



**BAREILLY (21 Oct):** सोमवार को पुलिस लाइन में पुलिस स्मृति दिवस का आयोजन हुआ. कार्यक्रम में एडीजी अमित शर्मा आइजी डा. राकेश सिंह एवं एसएसपी अनुराग आर्य ने बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की. कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों ने बताया कि 21 अक्टूबर 1959 को लद्दाख के हाट-स्प्रिंग के पास केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की एक टुकड़ी भारत-तिब्बत सीमा पर नियमित गश्त के लिए निकली थी. उसी दौरान पहले से ही घात लगाकर बैठे चीनी सैनिकों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी. सीआरपीएफ के जवानों ने भी उस हमले का मुंह तोड़ जवाब दिया, लेकिन उस अचानक हुए हमले में सीआरपीएफ के 10 जवान बलिदानी हो गए. कार्यक्रम में एसपी सिटी मानुष पारीक, एसपी नार्थ मुकेश मिश्रा, समेत सभी पुलिसकर्मी मौजूद रहे.

## टेलीग्राम संवाद जनपद बरेली दिनॉक 22.10.2024

# पुलिस स्मृति दिवस: बलिदानी पुलिस कर्मियों को श्रद्धांजलि



[illegible]